हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 10 नवंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को हर घर पहुंचाकर जन आंदोलन बनाएगी भाजपा : चंदेल

4




## खबर संक्षेप

### अवैध भंडारण पर कार्रवाई 119 क्विंटल धान जब्त

**जांजगीर-चांपा।** खाद्य विभाग एवं मंडी के संयुक्त जांच दल द्वारा धान के अवैध भंडारण करने वाले के विरुद्ध आकस्मिक छापामार की कार्यवाही की गई। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि विकासखंड बलौदा के ग्राम पंचायत जर्वे च में यादव ब्रदर्स के प्रोपराइटर मणिशंकर यादव के गोदाम से 127 बोरा धान मात्रा 51 क्विंटल, तरूण ट्रेडर्स के प्रोपराइटर सुरेंद्र गिरी गोस्वामी से 80 बोरा धान मात्रा 32 क्विंटल एवं मां सरस्वती टेड्र्स के प्रोपराइटर योगेश कश्यप के गोदाम से 90 बोरी धान मात्रा 36 क्विंटल मंडी अधिनियम के तहत जप्ती की कार्यवाही की गई।

### 70 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बिर्रा।** क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसते हुए ग्राम मल्दा के आरोपी से 70 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम मल्दा निवासी महेंद्र मित्तल अपने बिना नंबर प्लेट वाले पैशन प्रो मोटर सायकल में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु अपने कब्जे में रखकर ग्राम कैथा की तरफ जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर ग्राम कैथा में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। इस दौरान आरोपी महेंद्र मित्तल पिता धनसाय मित्तल उम्र 40 साल के कब्जे से 70 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 7 हजार रुपए बताई जा रही है।

### क्रिकेट खेलकर लौट रहे जेएसडब्ल्यू कर्मी की साइलेंट अटैक से मौत

**अकलतरा।** क्रिकेट खेलकर वापस घर आते समय जेएसडब्ल्यू केएसके एमपीएससीएल कर्मचारी प्रशांत सिंह सेंगर को अचानक अटैक आ गया। इससे उनकी मौत हो गई। ग्राम लटिया निवासी जेएसडब्ल्यू केएसके एमपीएससीएल कर्मचारी प्रशांत सिंह सेंगर बीती रात ग्राम जगमहंत में आयोजित फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अपनी टीम के साथ जगमहंत गया हुआ था। मैच खेलकर वापस आते समय लगभग साढे 10 बजे प्रशांत को सिने एवं पेट में दर्द महसूस होने पर ड्राइवर से गाड़ी रोकने के लिए कहा गया। गाड़ी से नीचे उतरने पर प्रशांत को उल्टी होने लगी। एवं कुछ देर में रात मिलने पर फिर से चलने के लिए कहा गया उनकी गाड़ी सुक्ली के पास पहुंची तभी प्रशांत को फिर से बेचैनी महसूस हुई एवं वे बेहोश हो गए। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों के द्वारा प्रशांत को मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि प्रशांत की मौत हार्ट अटैक से हुई है।

### सूने घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सुने घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले 4 आरोपियों को मुलमुला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नरियरा निवासी विमलेश कुमार महिपाल के सूने घर का घर का ताला तोडकर 7 नवंबर को राशन सामग्री और बर्तन समेत अन्य सामान की चोरी कर ली गई थी। मामले की रिपोर्ट पर मुलमुला पुलिस धारा 331 (3) 305ए, 3 (5) के तहत अपराध कायम कर विवेचना जुटी थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर अवधेश महिपाल, धीरेन्द्र सिह महिपाल, आशीष महिपाल, फूलेश्वर कुमार महिपाल चारो को पकड़ा, जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। शुरुआत में आरोपी पुलिस को चकमा देते रहे। बाद में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने घर से सुबह ताला तोडकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी नरियरा निवासी 41 वर्षीय अवधेश महिपाल, 49 वर्षीय धीरेन्द्र महिपाल, 41 वर्षीय महिपाल और 45 वर्षीय फुलेश्वर महिपाल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से शुरू होनी है धान खरीदी

# सालभर में बढ़ गए 5 हजार किसान 27 फ़ीसदी घटा धान की खेती का रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिले में इस साल करीब 5 हजार नए किसान बढ़ गए हैं। वहीं दूसरी ओर गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के बाद करीब 27 फ़ीसदी रकबा घट गया है। शासन द्वारा 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू की जाएगी। इसके लिए किसान इन दिनों धान की कटाई और मिंजाई में व्यस्त हैं।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले के 5 ब्लॉक को मिलाकर इस वर्ष 1 लाख 23 हजार 319 किसानों ने सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान बेचने पंजीयन कराया है। इनमें से 5 हजार 165 नए किसान भी शामिल है। हर साल कृषकों की संख्या तो बढ़ती जा रही है,लेकिन रकबा में कमी आ रही है। जिले में इस साल करीब 27 फ़ीसदी रकबा घट गया है। गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के बाद कुल रकबा की संख्या 93 हजार 782 हेक्टयर रह गई है। देखा जाए तो हर साल धान खरीदी का रकबा कम होता जा रहा है। सितंबर महीने से एग्रीस्टेक पंजीयन का कार्य प्रारंभ किया गया था, जो 31 अक्टूबर तक चला। इस बीच करीब 555 किसानों ने एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं करवाया है, जिसके कारण किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित हो सकते हैं। ऐसे में कृषकों की दिक्कत बढ़ गई है।



### हड़ताल पर समितियों के कर्मचारी, धान खरीदी की अटकी तैयारी

राज्य शासन के आदेश के मुताबिक 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होनी है, लेकिन सेवा सरकारी समिति से जुड़े कर्मचारियों द्वारा चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जा रहा है। हड़ताल के चलते उपार्जन केंद्रों में तैयारी नजर नहीं आ रही है, जबकि खरीदी शुरू होने अब सप्ताहभर से भी कम समय बचा है। जिले के 129 सहकारी समितियों के कर्मचारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर सोमवार 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। धान खरीदी शुरू होने से ठीक पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल से धान खरीदी पर संकट के बादल छा गए हैं। समितियों में धान खरीदी की तैयारी पूरी तरह से ठप पड़ गई है। जिले के सभी कर्मचारी बिलासपुर में संभाग स्तर पर आंदोलन कर रहे हैं। सेवा सहकारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रवि राठौर का कहना है कि इस बार आंदोलन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। उनका कहना है कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



### जिले के 35 केंद्र संवेदनशील

जांजगीर चांपा जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 129 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 30 उपार्जन केंद्र संवेदनशील एवं 5 उपार्जन केंद्र को अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। जहां दो फ़ीसदी से अधिक धान सुखद अवस्था में पाया गया था, इन उपार्जन केदो पर सेवा सहकारी समिति के अधिकारियों द्वारा विशेष निगरानी भी की जाएगी। पांच अति संवेदनशील उपार्जन केंद्रों में मडवा, गिधौरी, सरहर, देवरी, खिसोरा शामिल हैं।

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में बड़े पैमाने पर किसान धान की खेती करते हैं। अब ग्रामीण क्षेत्रों में धान कटाई और मिंजाई का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। किसान जल्द से जल्द धान की मिंजाई कर समर्थन मूल्य पर बेचने की तैयारी में जुटे हैं।

### कम हुआ रकबा

इस साल धान बेचने के लिए 5 हजार 165 नए कृषक बढ़ गए हैं। वहीं करीब 27 फ़ीसदी रकबा घट गया है। पांच उपार्जन केंद्र अति संवेदनशील की श्रेणी में रखे गए हैं।

**-अमित साहू,** नोडल अफ़सर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जांजगीर चांपा

# बाइक सवार छात्र को कैप्सूल ने रौंदा, परिजन ने किया चक्काजाम

## मुलमुला थाना क्षेत्र के नरियरा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ट्यूशन से वापस आ रहे बाइक सवार छात्रों को तेज रफ्तार कैप्सूल ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। आक्रोशित नगरवासियों ने मौके पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान चार घंटे तक बिलासपुर-जांजगीर मार्ग में आवागमन अवरुद्ध रहा।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत नरियरा निवासी सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा में अध्यनरत कक्षा 12वीं गणित विषय के छात्र अतुल साहू एवं बायोलॉजी के छात्र आदित्य निर्मलकर नरियरा के ही सागरपारा स्थित एक शिक्षक से सुबह ट्यूशन पढ़कर रविवार 9 नवंबर की सुबह 8 बजे वापस आ रहे थे। इसी दौरान बाजारपारा मुख्य मार्ग पर पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कैप्सूल क्रमांक सीजी 12 एस 1669 के चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक चालन करते हुए छात्रों की बाइक को पीछे से अपने चपेट में ले लिया। घटना में अतुल साहू पिता जयकुमार साहू की मौके पर ही मौत हो गई वहीं आदित्य निर्मलकर को सिर ,कंधे, छाती एवं हाथ पैर में गंभीर चोटें आने पर उसे अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद परिजनों एवं ग्राम वासियों के द्वारा 10 लाख रुपया मुआवजा राशि एवं नरियरा में भारी वाहनों के प्रवेश पर नो एंट्री लगाए जाने की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर तहसीलदार शालिनी तिवारी, नायब तहसीलदार प्रशांत गुप्ता, एसडीओपी प्रदीप सोरी , अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, पामगढ़ थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा पुलिस दल के साथ घटना स्तर पर पहुंचे एवं चक्का जाम कर रहे लोगों को समझाइश दी गई। घटना स्थल पर 4 घंटा तक चक्का जाम किए जाने के बाद कैप्सूल मलिक के द्वारा 1 लाख ,नगर पंचायत नरियरा की अध्यक्ष राधिका महेंद्र सहगल, पार्षद मनोज साहू ,आकाश सिंह ,सुशांत बंजारे ,दिलचंद बंजारे एवं पार्षद प्रतिनिधि विनीत नोर्गे के द्वारा सामूहिक रूप से 50 हजार एवं प्रशासन के द्वारा 25 हजार कुल 1 लाख 75 हजार की राशि दिए जाने एवं नरियरा में अस्थाई तौर पर भारी वाहनों के प्रवेश पर सुबह 7:00 से रात 11:00 तक प्रतिबंध लगाए जाने की घोषणा किए जाने के बाद 12 बजे चक्का जाम समाप्त किया गया।


मौके पर शव रखकर चक्काजाम करते परिजन व नगरवासी।

### घायल छात्र की स्थिति अत्यंत नाजुक

रविवार की सुबह नगर पंचायत नरियरा में हुई घटना में अतुल साहू की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरा छात्र आदित्य निर्मलकर को गंभीर रूप से घायल हुआ है। आदित्य की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल उसे अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि आदित्य निर्मलकर की स्थिति भी अत्यंत नाजुक बनी हुई है। आदित्य को सिर ,कंधे छाती एवं पैरों पर गंभीर छोटे आई है तथा समाचार लिखे जाने तक बेहोशी की हालत में होने की जानकारी प्राप्त हुई है। बताया जा रहा है कि छात्र आदित्य निर्मलकर कोमा में है जिसके लिए परिजनों एवं क्षेत्र वासियों के द्वारा प्रार्थनाएं की जा रही हैं।

# तीन माह पूर्व बनाई गई सड़क से उखड़ने लगी गिट्टी, हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

ग्राम पंचायत ढीमानी में बनाई गई सड़क की गिट्टी तीन माह में ही उखड़ने लगी है। ऐसे में सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे है। इसकी शिकायत अधिकारियों से करते हुए जांच की मांग की गई है।

शासन द्वारा ग्राम पंचायत को लोगों की आवागमन के लिए सीसी रोड बनाने के लिए भारी भरकम राशि उपलब्ध कराता है ताकि बेहतर सड़क बने लोगों को आने-जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो लेकिन कई गांव के सरपंच ऐसे हैं जो की नियमों को तक में रखकर इंजीनियरों से मिली भगत करके मनमाने तरीके से निम्न स्तर का सड़क बना देते हैं। ऐसा ही मामला ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ढीमानी में देखने को मिल रहा है। यहां के वार्ड क्रमांक 3 के पंच राज कुमार गबेल ने कांटा तालाब पार से अडभार जाने के लिए दो-तीन माह पूर्व बनाए गए सीसी रोड निर्माण के जर्जर हो जाने जगह-जगह से सड़क के फट जाने तो सड़क से गिट्टी निकलकर सड़क में फैल जाने के संबंध में जिला पंचायत सीईओ से शिकायत कर जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग किया है। उनके द्वारा शिकायत में उल्लेख किया गया है कि सरपंच द्वारा सड़क में मिट्टी मुरूम का बेस ही नहीं बनाया गया है। जैसे तैसे कम सीमेंट का उपयोग करके सीसी रोड निर्माण कर दिया गया था, जिसके कारण कुछ ही समय में सड़क उखड़कर गिट्टी सड़क में फैल गया है। ऐसे में इस सड़क को दोबारा बनाए जाने की मांग करते हुए लापरवाह सरपंच के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग किया है। वही इस संबंध में सरपंच ओमप्रकाश गबेल ढीमानी का कहना है सड़क गुणवत्ता के साथ बनाया गया है किसी प्रकार का कोई कमी नहीं है।



### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ आज से

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के कर्ष निवास में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ का शुभारंभ सोमवार 10 नवंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कथा वाचक भागवत वक्ता पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा टेमर सक्ती वाले श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। 17 नवंबर सोमवार को हवन चढ़ोतरी एवं सहस्त्रधारा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा। आयोजन को लेकर आनंद राम कर्ष, श्रीमती छत बाई कर्ष एवं कर्ष परिवार और ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# लूट के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

लूट के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक व्यक्ति से मारपीट करते हुए नगदी रकम के साथ ही मोबाइल और लेपटाप की लूट की थी। मामला बाराद्वार का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाराद्वार निवासी अनिल कुमार नामदेव प्रायवेट कंपनी लांजीगढ (उडीसा) में नौंकरी करता है। वह 7 नवंबर की रात 9.45 बजे रेल्वे स्टेशन बाराद्वार से अपने घर जा रहा था। एन.एच. 49 नहर पुल के पास एक मोटर सायकल में दो लडके मिले और अपने मोटर सायकल में बैठाकर उसके घर ले जाने की बजाए सीधा पलाडीखुर्द ले गये। दोनों ने फोन से अपने अन्य साथी को बुला लिया। इसके बाद तीनों मिलकर अनिल नामदेव की पिटाई करते हुए उसके पास रखे पर्स से 1 हजार रुपए एवं बैग में रखे डेल कंपनी का 1 नग लैपटाप एवं मोटोरोला कंपनी का मोबाईल छिन लिया। इसके बाद उसे डरा धमका कर उसके मोबाईल नंम्बर 6266086524 में चल रहे गूगल पे से 11 हजार 700 रूपये अपने फोन पे में ट्रांसफर कर लिया। इसके बाद तीनों वहां से भाग निकले। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बाराद्वार में धारा 309(6),143, 118(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया था। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने रविवार 9 नवंबर को आरोपी सतीश पटेल उर्फ कुदालू पिता करन पटेल उम्र 22 साल निवासी वार्ड क्रमांक 10 बाराद्वार एवं कुनाल बरेठ पिता दशरथ बरेठ उम्र 19 साल निवासी वार्ड क्रमांक 6 बाराद्वार को गिरफ्तार कर लिया। वहीं आरोपियों का एक अन्य साथी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। आरोपियों के कब्जे से लेपटॉप, मोबाइल और नगदी छह हजार रुपए बरामद किया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त सामान।

# बंदी के फरार होने के मामले में जेल प्रहरी बर्खास्त, जेल अधीक्षक ने की कार्रवाई

**जांजगीर- चाम्पा।** जिला अस्पताल से विचाराधीन बंदी के फरार होने के मामले में जेल प्रहरी को बर्खास्त कर दिया गया है। जेल अधीक्षक केंद्रीय जेल बिलासपुर ने कार्रवाई करते हुए सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है।

धोखाधड़ी के मामले में चंद्रपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेली निवासी आरोपी पंचराम निषाद उर्फ पंचू जिला जेल जांजगीर में निरुद्ध था। नवागढ़ पुलिस ने उसे कड़ी मशक्कत के बाद पकड़कर 28 अक्टूबर को जेल भेजा था। पंचराम को इलाज के लिए 7 नवंबर को जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया गया था। शनिवार 8 नवंबर को वह हथकड़ी खोलकर फरार हो गया। इस मामले में ड्यूटीरत जेल प्रहरी भुनेश्वर सिंह पैकरा की लापरवाही सामने आई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जेल प्रहरी के लापरवाही बरतने के संबंध जेल प्रशासन को प्रतिवेदन भेजा गया। जेल अधीक्षक केंद्रीय जेल बिलासपुर खोमेश मंडावी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ड्यूटी में तैनात जेल प्रहरी भुनेश्वर सिंह पैकरा को बर्खास्त कर दिया है। जेल अधीक्षक ने जेल प्रहरी की सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है । उल्लेखनीय है कि आरोपी पंचराम निषाद शातिर ठग है। उसके खिलाफ जांजगीर चाम्पा समेत प्रदेश के कई जिले मे ठगी का मामला दर्ज है। आरोपी पंचराम निषाद पहले भी धमतरी जिले में जेल जाने के बाद जिला अस्पताल धमतरी से फरार हो गया था। वह पहचान छिपाकर प्रतिदिन अपना ठिकाना बदल कर रहता था। नवागढ़ पुलिस ने उसे सरायपाली जिला महासमुंद से कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा था। वह गिट्टी और सीमेंट व्यापारी बन कर निर्माणाधीन मकान के मालिकों को कम क़ीमत मे सामान देने का झांसा देकर ठगी करता था। आरोपी के खिलाफ प्रदेश के कई जिलों में ठगी और चोरी के प्रकरण दर्ज है।

### निःशुल्क रक्त, नेत्र जांच और मोतियाबिंद निदान शिविर 13 को

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत बिर्रा के चंडी मंदिर प्रांगण में 13 गुरुवार को सुबह 9 से शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान रक्तदान किया जाएगा। साथ ही निशुल्क रक्त जांच एवं नेत्र जांच और मोतियाबिंद निदान शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर में अधिक से अधिक संख्या में लागों से उपस्थित होकर लाभ उठाने की अपील की गई है।

निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 159 की हुई जांच

# बुझती आंखों को रोशनी देने 70 मरीजों का होगा ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 159 लोगों ने जांच कराई। जांच के बाद 70 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए रायपुर भेजा गया।

भवानी जन सेवा समिति अकलतरा एवं एमजीएम नेत्र संस्थान रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में रविवार 9 नवंबर को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन स्वर्गीय बंशीधर मुकीम स्मृति शल्य चिकित्सालय पंचदेव परिसर में संपन्न हुआ। शिविर में 159 लोगों का नामांकन एवं उनकी आंखों की जांच डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई। इनमें से 70 पात्र मरीजों को ऑपरेशन हेतु बस द्वारा रवाना किया गया। प्रारंभ में एमजीएम नेत्र संस्थान रायपुर के डॉ ऋचा एवं डॉक्टर कुलदीप सहित चिकित्सा दल का स्वागत अंजू केडिया, सुनीता गुप्ता, आरोही मुकीम , नेहा मुकीम एवं रोशनी श्रीवास द्वारा किया गया। भवानी जन सेवा समिति के संयोजक प्रकाश केडिया ने बताया कि भवानी जन सेवा समिति के द्वारा यह दसवां निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन है। समिति का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। शिविर में मरीज के मोतियाबिंद के ऑपरेशन एवं उनके आने जाने एवं ठहरने का व्यय श्रीमती विद्या हरीश केडिया के द्वारा वहां किया जाता है वहीं आज के शिविर में आए हुए मरीजों के लिए भोजन व्यवस्था स्व. डॉ काशीराम अग्रवाल के स्मृति में उनके पुत्र नवल अग्रवाल, कमल अग्रवाल एवं जुगल अग्रवाल के द्वारा की गई। शिविर में राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के एनएसएस की छात्राओं ने सहयोग प्रदान किया। आभार प्रदर्शन सुरेश मुकीम ने किया। शिविर में पवन सुल्तानिया, राजेश अग्रवाल शिवरीनारायण, डॉ. हरिकृष्ण अग्रवाल, किशन तुलस्यान , सुशील गुप्ता, राजेश साहू, गिरधारी ताम्रकार, महेश अग्रवाल , नवल अग्रवाल, छेदीलाल शर्मा उत्तम सिंह, श्रीकांत तुलस्यान, राकेश विश्वकर्मा व नगर वासी उपस्थित थे।


शिविर में पहुंचे मरीज व आंखों की जांच करते चिकित्सक।

# सलखन गोठान में मवेशियों की मौत, सरपंच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्राम पंचायत सलखन के गोठान में मवेशियों की मौत के मामले में पुलिस ने सरपंच को गिरफ्तार किया है। गोठान परिसर में कुछ दिन पहले 14 गोवंश मृत अवस्था में पाए गए थे। वहीं 5 मवेशी के कंकाल भी मिले थे। पुलिस और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की थी। जांच के बाद शिवरीनारायण पुलिस ने मामले में सरपंच की गिरफ्तारी की है।


गिरफ्तार सरपंच

■ पुलिस और प्रशासन की टीम ने जांच के बाद की कार्रवाई

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले ग्राम पंचायत सलखन के गौठान में मवेशियों के मृत होने की सूचना मिली। सूचना पर एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस की टीम ने गोठान पहुंच कर जांच की। गौठान के सामने रोड किनारे झटका तार से घेरा मिला। गौठान के अंदर में ही नवा तालाब है जिसके चारो तरफ 14 मवेशी मृत अवस्था में मिले। इनमें 7 गाय तथा 7 बैल शामिल थे। वहीं 5 मवेशी के कंकाल पड़े थे। मृत मवेशियों तथा कंकाल का पंचनामा गवाहों के उपस्थिति में किया गया। साथ ही पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम कराया गया। थाना शिवरीनारायण में धारा 325 बी एन एस एवं 11(1)(क) पशु क्रूरता अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के बाद गोठान में मृत मवेशियों के मामले में सरपंच रामकृष्ण कश्यप के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 9 नवंबर को गिरफ्तार किया गया।

## खबर संक्षेप



### सब-जूनियर वर्ग जू-जित्सु राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी हुए रवाना

**कोरबा।** जू-जित्सु राज्य स्तरीय सब-जूनियर वर्ग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए जिले के लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट अकादमी के 18 प्रतिभाशाली खिलाड़ी शनिवार को शिवनाथ एक्सप्रेस से राजनांदगांव के लिए रवाना हुए। प्रतियोगिता 9 नवम्बर को अज़ीज़ पब्लिक स्कूल राजनंदगांव में आयोजित की गई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जो भी खिलाड़ी विजेता होगा उसे आगामी राष्ट्रीय जू-जित्सु चैंपियनशिप जो कि आईजीआई स्पोर्ट्स स्टेडियम, हल्द्वानी (नैनीताल, उत्तराखंड) में आयोजित होगी, उसमें छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। भाग लेने वाले खिलाड़ियों में विधि विजयवर्गीय, वी. संभवि, मिया अलापट्ट, जस्मीत कौर, हृदया मंडल, मेधा सोनी, आर्या सेठी, आराध्य सोनी, रुद्र शर्मा, प्रणव निर्मलकर, युवराज गोगोई, वीरभद्र प्रकाश पैकरा, अर्नव यादव, दीपेन्द्र चन्द्रा, अद्वितीय यादव, अगस्त्य शर्मा, अवनि शर्मा और नेवान आर. पिल्लै शामिल हैं। अध्यक्ष एवं हेड कोच एनआईएस प्रेमराज बंजारे एवं टीम मैनेजर स्नेहा बंजारे के साथ रवाना किया गया।

### कथक नर्तकी योद्धा नृत्य रत्न अवार्ड से हुई सम्मानित

**बालको।** विगत दिनों 29 से 31 अक्टूबर तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता एवं फेस्टिवल महोत्सव कृष्णा की नर्तन फाउंडेशन द्वारा गांधी सभा गृह म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में डीपीएस बाल्को की कक्षा चौथी की छात्रा योद्धा पर्वतम ने फेस्टिवल परफॉर्मेंस में अति विशिष्ट कथक नृत्य की प्रस्तुति देकर कृष्णा की नृत्य रत्न सम्मान प्राप्त कर के कोरबा एवं बाल्को नगर को गौरवान्वित किया है। योद्धा पर्वतम मोरध्वज वैष्णव की शिष्या है। इसके पूर्व में भी योद्धा ने आबुधाबी दुबई, रायपुर, बिलासपुर, भिलाई और देश की सांस्कृतिक राजधानी पुणे में पुरस्कृत प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। योद्धा भारत एल्यूमिनियम कंपनी में कार्यरत पि सतीश कुमार की सुपुत्री हैं।

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम का किया गया सामूहिक गान



**कोरबा।** राष्ट्रीय चेतना, देश प्रेम स्वतंत्रता और मातृभूमि के प्रति अपार श्रद्धा का प्रतीक राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर बीकन विद्यालय एसईसीएल के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा वंदे मातरम गीत का गायन किया गया। साथ ही वीर गाथा 5.0 के अंतर्गत विभिन्न कक्षा में निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, कक्षा 3 से 10 तक आयोजन किया गया। नाटक मंचन झांसी की रानी पर कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्राओं द्वारा प्रस्तुति की गई। इसके अंतर्गत निबंध में प्रथम स्थान तसनीम कौशल कविता में प्रथम स्थान श्रुति हंसराज पेंटिंग तथा चित्रकला में महिमा भारद्वाज को प्राप्त हुआ। विद्यालय परिवार की तरफ से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। इस अवसर पर प्राचार्य मनोज कुमार गॉटलिब, कल्पना मिश्रा, घनश्याम पटेल, देवेन्द्र पांडे, परमिता बारीक, मंजूषा बारीक, एसके नाडिग, डी सिंह, रश्मि, एमजे चौहान, सलोनी, अपराजिता, शांतनु, रिया, बीना, ममता, अनामिका, वेद प्रकाश, मंजू पटेल, नरोत्तम, पुतुल, मिथु चटर्जी, लखन, संतोषी, अरुणा सहित अन्य उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** एनटीपीसी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत एनटीपीसी कोरबा टाउनशिप स्थित विभागीय चिकित्सालय (नव जीवन अस्पताल) में बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय निवासियों, एनटीपीसी के अधिकारियों, ईटी प्रशिक्षुओं और सीआईएसएफ के जवानों ने रक्तदान किया।

### करतला वन परिक्षेत्र के ग्राम बोतली का मामला

# हाथियों को खदेड़ने जाना पड़ा महंगा हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत



मृतक ग्रामीण।



घटना स्थल पर विधायक श्री राठिया एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाथियों के झुंड को खदेड़ना एक ग्रामीण को महंगा पड़ गया। ग्रामीण शुक्रवार की देर रात ट्रेक्टर से हाथियों के झुंड को खदेड़ने पहुंचे थे। इस दौरान शिवनारायण कंवर भी अन्य ग्रामीणों के साथ हाथियों को खदेड़ने में लगा हुआ था। इस दौरान उसका सामना एक हाथी से हो गया। हाथी को देखने के बाद वह अपनी जान बचाने भागने लगा। इसी दौरान घास में पैर फंसने से वह गिर गया और हाथी ने कुचलकर उसे मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्यवाही में जुट गई।

**खास बात**

- वन विभाग द्वारा मुनादी कराए जाने के बाद भी ग्रामीण हातियों को खदेड़ने से नहीं आ रहे बाज

करतला वन परिक्षेत्र में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है और किसानों की सफल को नुकसान पहुंचा रहा है। हाथियों के झुंड को खदड़ने के लिए ग्रामीण ट्रेक्टर का सहारा ले रहे हैं। वन विभाग द्वारा लगातार गांव में मुनादी की जा रही है। बावजूद इसके ग्रामीण जान हथेली पर रखकर हाथियों को खदेड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। मानव और हाथी द्वंद्व का एक और दर्दनाक मामला सामने आया है। बोतली गांव में देर रात शिवनारायण कंवर की हाथी के हमले में मौत हो गई। वह अपने खेत की फसल की रखवाली के लिए हाथियों को खदेड़ने पहुंचा था। इसी दौरान आमाबाड़ी के पास एक हाथी अचानक उसके सामने आ गया और हमला कर दिया, जिससे शिवनारायण कंवर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार मृतक के परिवार को तत्कालिक सहायता के रूप में 25 हजार रुपए प्रदान कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि करतला रेंज में पिछले सप्ताह से 38 हाथियों का झुंड लगातार विचरण कर रहा है। यह झुंड पीडिया और आसपास के क्षेत्रों में फसलों को नुकसान पहुंचा रहा था। बीती रात हाथियों का झुंड आगे बढ़कर बोतली की जंगल की ओर चला गया। इसी दौरान झुंड से अलग हुआ एक हाथी गांव के पास पहुंचा और यह हादसा हो गया। करतला रेंज में एक माह के भीतर हाथी के हमले से यह दूसरी मौत है। इससे पहले रामपुर सर्किल में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति की भी हाथी के हमले में मौत हो चुकी है।

**विधायक ने दी सहायता राशि**

घटना की सूचना मिलने पर रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया मौके पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान विधायक श्री राठिया ने मृतक के परिजनों को 25 हजार रूपये की हार्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को भी हर संभव मदद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बिना नंबर की गाड़ियों पर पुलिस ने की कार्रवाई



वाहनों की जांच करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाहनों की धर पकड़ शुरू कर दी है। शनिवार को पुलिस की टीम ने बिना नंबर प्लेट के फर्राटे भरने वाले दो पहिया वाहनों को पकड़कर उनके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की है। पुलिस की यह कार्यवाही आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी।

बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमनलाल सिन्हा ने बिना नंबर प्लेट के वाहनों पर औचक चेकिंग के दौरान धर पकड़ शुरू कर दिया है। शनिवार को बांकीमोंगरा हनुमान चौक में पुलिस कर्मियों ने बिना नंबर के गाड़ियों की सघन जांच शुरू की। जांच के दौरान कई गाड़ी बिना नंबर के पाए गए, उन वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई है। जांच के दौरान कई नाबालिक मोटर सायकल ड्राइविंग करते हुए पकड़े गए हैं, जिनके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की गई है। बिना नम्बर की गाड़ियों एवं नाबालिकों के द्वारा वाहन चालन पर बांकीमोंगरा पुलिस के द्वारा की गयी इस कार्यवाही से क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ है। जांच के दौरान कई वाहन ऐसे पाए गए जिनकी नंबर प्लेट नहीं थी या अस्थायी नंबर मिटा दिए गए थे।

## उद्योग मंत्री ने हसदेव नदी में साढ़े 48 लाख रूपये के घाट निर्माण की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम के वार्ड क्र. 62 स्थित सर्वमंगला मंदिर के समीप हसदेव नदी में 48 लाख 53 हजार रूपये की लागत से निर्मित होने जा रहे घाट व पहुंच मार्ग निर्माण की आधारशिला रखी। उक्त स्थल पर नागरिकों की घाट निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग उद्योग मंत्री श्री देवांगन की पहल पर पूरी हुई, तो वहीं उक्त कार्य सहित वार्ड क्र. 62 व 65 में कुल साढ़े 76 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी उद्योग मंत्री श्री देवांगन के द्वारा किया गया।

**खास बात**

- वार्ड 62 व 65 में साढ़े 76 लाख के विकास कार्य होंगे



पूजा अर्चना करते उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं अन्य।

नगर निगम के सर्वमंगलानगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 62 में सर्वमंगला मंदिर के समीप हसदेव नदी पर घाट निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग शनिवार को पूरी हो गई है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने साढे.48 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने जा रहे उक्त घाट व पहुंच मार्ग निर्माण की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में महापौर के साथ ही नमामि सेवा समिति के प्रमुखजन चन्द्रकिशोर श्रीवास्तव, रणधीर पाण्डेय, मनोज लहरे, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, भानुमति जायसवाल, आरती लखन साहू, रामाधार पटेल, प्रेम साहू आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने घाट निर्माण कार्य स्थल का जायजा लिया तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समय सीमा में घाट का निर्माण पूरा किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विभिन्न धार्मिक अवसरों व त्यौहारों जैसे छठ पर्व, दीपावली, देव दीपावली, महाशिवरात्रि, कनकेश्वर धाम यात्रा आदि अवसरों पर श्रद्धालुओं व आमनागरिकों को पूजा पाठ , स्नान, दान व जल एकत्रित करने में यहाँ पर असुविधा होती थी, नागरिकों द्वारा लंबे समय से घाट निर्माण की मांग की जा रही थी, यह मेरा सौभाग्य है कि आज मेरे हाथों घाट निर्माण के कार्य का शुभारंभ हो रहा है तथा देवतुल्य जनताजनार्दन की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। इस अवसर पर मनोज लहरे, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार, मण्डल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, माधव जायसवाल, देवकी साहू, भूपेन्द्र बरेठ, आकाश श्रीवास्तव, दिनेश झा, दीपा राठौर, अजय कश्यप, मीना तिवारी, रामेश्वर वैष्णव, प्रशांत मिश्रा, विजेन्द्र यादव, ननकीदास पटेल, उत्तम यादव, राजकुमारी केंवट, जीवन साहू, जयसिंह गभेल, बीना तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पारिवारिक कलह से परेशान युवक ने लगाई फांसी, मौत

**कोरबा।** मोतीसागरपारा बस्ती में पारिवारिक कलह से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत का है। मृतक का नाम शनि गोंड (30 वर्ष) है, जो मोतीसागरपारा में अपने परिवार के साथ रहता था। शनि घर से कुछ दूरी पर चाय की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया जाता है कि 7 नवंबर की सुबह शनि अपनी दुकान पर था तभी उसे सूचना मिली कि घर में परिवार के बीच विवाद चल रहा है, यह सुनकर वह तुरंत घर पहुंचा। घर लौटने के बाद उसने गुस्से में अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। शुरुआत में परिजनों को लगा कि वह नाराज होकर सो गया है, लेकिन जब देर रात तक दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने अनहोनी की आशंका जताई और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो शनि कमरे के अंदर पाइप से रस्सी बांधकर फांसी पर लटका मिला।

## मां की शिकायत पर बेटा और दोस्त गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मां की शिकायत पर उसके बेटे और दोस्त को सुसकी (सूखी मछली) चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मां शहर में घूम-घूम कर सुसकी और चिंगरी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं। उसका बेटा और साथी मछली चुराकर बेच देते और शराब की पार्टी करते थे।

**खास बात**

- मछली चोरी कर उसे बेचने के बाद करते थे शराब पार्टी

मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र का है। पीड़ित महिला पहले भी कई बार घर से चोरी होने के कारण परेशान थी। उसे पहले से आशंका थी कि उसका छोटा बेटा ही चोरी कर रहा है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। रेलवे कॉलोनी बंद फाटक के पास पीर रोहिदास का घर है वह अपने दो बेटों के साथ रहती हैं। पीर रोहिदास ने आरोप लगाया कि उसका बेटा घर से लगातार सुसकी चुराकर बेच देता था और शराब पीता था। 7 नवंबर को पीर रोहिदास मानिकपुर बाजार में सुसकी बेचने गई थीं। वापस लौटने पर उन्होंने सुसकी कमरे में रख दी थी। बाद में जब उन्होंने देखा तो सुसकी गायब थी। घर वालों से पूछने पर कोई जानकारी नहीं मिली, जिसके बाद उन्होंने मानिकपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि महिला का छोटा बेटा राजा रोहिदास (25 साल) अपने दोस्त शिवकुमार यादव के साथ मिलकर सुसकी चुराता था। वे चोरी की सुसकी बेचकर शराब पीते थे और पार्टी करते थे। राजा रोहिदास ट्रेन में बूट पॉलिश का काम करता है और शराबी प्रवृत्ति का है। वहीं, उसका दोस्त शिवकुमार यादव राजमिस्त्री का काम करता है और वह भी आदतन शराबी है। मानिकपुर चौकी में पदस्थ एएसआई कुलदीप तिवारी ने बताया कि मामले में धारा 126 और 135 (3) बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां जमानत न मिलने के कारण उन्हें जेल भेज दिया गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### सामाजिक संगठन परिसंघ की बैठक 20 को

**कोरबा।** सामाजिक संगठन परिसंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक 20 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित की गई है। बैठक में कुछ केंद्रीय मंत्री व उमेश पिंपरे राष्ट्रीय अध्यक्ष, चंदन लाल बाल्मीकि राष्ट्रीय सचिव एवं प्रताप करोसिया अध्यक्ष सफाई कर्मचारी आयोग व विष्णु भारती, छत्तीसगढ़ से मयूर हथेल प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर उसर वर्षा, राष्ट्रीय कोर कमेटी रामस्वरूप चौधरी जिला अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को साथ दिल्ली बैठक में शामिल होंगे। बैठक में अनेक समस्याओं को प्रमुखता रखे जाएंगे जिनमें छत्तीसगढ़ सफाई कर्मचारी आयोग का गठन, सफाई कर्मचारी का ठेका प्रथा बंद हो, एसईसीएल, एनटीपीसी, बालको, सीएसईबी अन्य संस्थाएं सफाई कर्मचारियो की सीधी भर्ती एवं छत्तीसगढ़ में डोमार समाज का जाति प्रमाण पत्र जारी करने के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# अब शहर में बिना लाइसेंस कारोबार करने पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगरीय क्षेत्रों में बिना अनुमति किए जा रहे व्यापार पर सख्ती बरतते हुए नए नियम लागू कर दिए हैं। अब गुमटी, ठेला या वाहनों के माध्यम से व्यापार करने वाले सभी लोगों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति व्यापार करने वालों पर प्रशासन सख्त कार्यवाही करेगा।

नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्रों में व्यापार करने वालों को अब अनुमतिपत्र शुल्क जमा कर लाइसेंस प्राप्त करना होगा। प्रशासन का कहना है कि यह कदम शहरी क्षेत्रों में सुव्यवस्थित व्यवसाय और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्रों में व्यापार करने वालों को अब अनुमतिपत्र शुल्क जमा कर लाइसेंस प्राप्त करना होगा। प्रशासन का कहना है कि यह कदम शहरी क्षेत्रों में सुव्यवस्थित व्यवसाय और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। केवल गुमटी या ठेले लगाने वाले ही नहीं, बल्कि वाहनों के माध्यम से व्यापार करने वाले विक्रेता, जैसे मोबाइल दुकानदार, फल-सब्जी या फास्ट फूड वैन संचालक को भी लाइसेंस लेना आवश्यक होगा। बिना अनुमति कारोबार करते पाए जाने पर उनका सामान जब्त किया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जाएगा। प्रशासन ने सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। निगम अधिकारियों को ऐसे व्यापारिक प्रतिष्ठानों और ठेलों की सर्वे सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं। संबंधित अधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय शहरी क्षेत्रों में सड़क किनारे अतिक्रमण, अव्यवस्थित ठेले-गुमटी और यातायात बाधाओं को रोकने के लिए लिया गया है। लाइसेंस प्रक्रिया लागू होने से शहर में सुव्यवस्थित व्यापारिक व्यवस्था कायम होगी और राजस्व संग्रहण में भी वृद्धि होगी।

# छात्रवास अधीक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली थाना अंतर्गत आने वाले लाफा पोड़ी छात्रावास के अधीक्षक पद पर पदस्थ सीतश कैवर्त उम्र 38 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



मृतक।

पुलिस को घटना स्थल का निरीक्षण करने के दौरान मृतक के दौरान लिखा गया एक सुसाईड नोट भी मिला है। जिसमें मृतक ने एकांकी जीवन से तंग आकर आत्महत्या करने की बात कही है। पत्र में मृतक ने अपने पिता स्व मोहित राम कैवर्त और अपनी मां का उपचार नहीं कराने का भी जिक्र किया है। स्व मोहित राम कैवर्त जनपद पंचायत पाली के सीईओ के पद पर पदस्थ थे जिनकी मृत्यु कोरोनाकाल में हुई थी। मृतक का छोटा भाई मनीष कैवर्त भिलाई में अध्ययनरत हैं वहीं एक बहन बैंगलोर में निवास करती है। मृतक का तीन माह पूर्व पोड़ी लाफा से सपलवा छात्रावास अधीक्षक के पद पर स्थानांतरण हुआ था लेकिन उसने अपने पद पर ज्वाईनिंग नहीं दी थी।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, ह्रदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, रात में जलन, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गॅलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकटमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# ‘द फैमिली मैन 3’ में नए चेहरों के बीच फंसे ‘श्रीकांत तिवारी’

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज ‘द फैमिली मैन 3’ का ट्रेलर जारी हो गया है। इसे देखने के बाद लोगों की उम्मीदें सांतवें आसमान पर पहुंच गई हैं। श्रीकांत तिवारी के किरदार में मनोज पिछले दोनों सीजन जैसे कमाल लगे हैं, लेकिन दो नए चेहरों के बीच उन्हें फंसा दिखाया गया है। पहला चेहरा जयदीप अहलावत का है, जो विलेन बने हैं। दूसरीं निमृत कौर हैं, जिनके किरदार में सस्पेंस है। ‘द फैमिली मैन 3’ का ट्रेलर 2 मिनट 49 सेकंड का है, जिसकी शुरुआत मनोज उर्फ श्रीकांत से होती है। ट्रेलर में वह दोनों बच्चों को अपने काम के बारे में बताते दिखते हैं। अभिनेता को पहली बार सीरीज में परेशान दिखाया गया है और जयदीप उन पर भारी पड़ रहे हैं।

लाइफ Style



# रश्मिका

## विजय संग शादी की जगह-तारीख आई बाहर

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की सगाई की खबरों ने सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरी। अब दोनों की शादी की तारीख पर चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों अपने रिश्ते को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगले साल 2026 में रश्मिका और विजय शादी कें बंधन में बंध जाएंगे। शादी की तारीख और जगह क्या होगी, यह जानकारी भी बाहर आ गई है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट सामने आया है जिसमें दावा किया गया है कि रश्मिका और विजय अगले साल 26 फरवरी, 2026 को शादी के बंधन में बंधने की योजना बना रहे हैं। दोनों ने अपनी शादी के लिए उदयपुर का भव्य पैलेस चुना है। इस पोस्ट ने आते ही हलचल मचा दी है, जिस पर लोग भी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक ने लिखा, ‘यह अब तक की सबसे प्रतिष्ठित और सबसे बड़ी शादी होगी!’ दूसरे ने लिखा, ‘बधाई हो।’

***रश्मिका ने दिखाई थी सगाई की अंगूठी :*** रश्मिका और विजय के करीबी सूत्र ने को बताया कि दोनों ने 3 अक्टूबर को निजी समारोह में सगाई की थी। ‘गर्लफ्रेंड’ के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री ने जगपति बाबू के टॉक शो ‘जयम्मु निश्चयमु रा’ में अपनी अंगूठियां भी दिखाई थीं, जिसमें से एक उनकी सगाई की अंगूठी थी। जब अभिनेता ने विजय का नाम लिया, तो रश्मिका काफी शर्म से लाल हो गईं थी। रश्मिका आखिरी बार आयुष्मान खुराना के साथ ‘थामा’ में नजर आई हैं।

हॉलीवुड मसाला




# दर्शकों के बीच फिर लौटने तैयार

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की फिल्मों के शौकीनों का इंतजार खत्म होने वाला है। इस पॉपुलर फ्रेंचाइजी की अगली किस्त ‘एवेंजर्स डूम्सडे’ लोगों के बीच जल्द लौटने को तैयार है। इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म का पहला ट्रेलर रिलीज करने के लिए एक खास योजना बनाई है। जाहिर है कि एमसीयू की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक, ‘एवेंजर्स डूम्सडे’ को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। सेट से फोटो लीक होने के बाद यह उत्साह और बढ़ गया था।




## बॉलीवुड-साउथ की धुरंधर फिल्मों पर भारी पड़ी हॉलीवुड की ‘प्रेडेटर बैडलैंड्स’

**लॉस एंजिल्स।** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर इस शुक्रवार जब एक साथ कई फिल्में रिलीज हुईं, तो दर्शकों के सामने कई विकल्प मौजूद थे। बॉलीवुड से लेकर साउथ और हॉलीवुड तक सिनेमाघरों में कई फिल्में देखने के लिए मौजूद थीं। लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि इस बार बॉलीवुड नहीं, बल्कि हॉलीवुड की एक साइंस-फिक्शन थ्रिलर ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हम बात कर रहे हैं ‘प्रेडेटर बैडलैंड्स’ की, जिसने रिलीज के पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर बाकी सभी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए धमाकेदार शुरुआत की है। 7 नवंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने भारत में पहले दिन 2.25 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। दिमित्रियस शूस्टर-कोलोमाटांगी और एले फैनिंग जैसे कलाकारों के दमदार अभिनय ने दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच लाया। फिल्म को मिश्रित प्रतिक्रियाएं मिली हैं, लेकिन एक बात तय है- इसका रोमांचक एक्शन और डरावना विजुअल अनुभव भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रहा है।



# श्रद्धा कपूर सीख रहीं लावणी डांस...

**मुंबई।** बॉलीवुड की ‘स्त्री’ यानी श्रद्धा कपूर काफी समय से अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। उनका आगामी प्रोजेक्ट विथाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जीवनी पर आधारित होगा। ताजा जानकारी है कि श्रद्धा ने इस फिल्म के लिए तीन महीने तक लावणी और गवलन डांस सीखा है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर करेंगे, जो इससे पहले विक्की कौशल की ‘छावा’ से प्रसिद्धी हासिल कर चुके हैं। आइए जानते हैं श्रद्धा की इस आगामी फिल्म के बारे में। विथाबाई भाऊ पर आधारित, श्रद्धा की बायोपिक फिल्म का नाम ‘ईथा’ रखा गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्र ने कहा, उनकी मां शिवांगी कोल्हापुरी महाराष्ट्रीयन हैं, इसलिए श्रद्धा इस संस्कृति में गहराई से जुड़ी हैं। एक और खूबी उनकी डांस है, क्योंकि यह विथाबाई की जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा थी।



# अक्षय लव ट्रायंगल से करेंगे मनोरंजन

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार साल में 5 से 6 फिल्में करने में विश्वास रखते हैं। इस साल ‘केसरी चैप्टर 2’ और ‘हाउसफुल’ समेत उनकी कई फिल्में रिलीज हुईं और अब नजर 2026 पर है। अक्षय ने कई साउथ फिल्मों के हिंदी रीमेक में काम किया है, जिसमें ‘राउडी राठौर’, ‘सरफिरा’ और ‘सेल्फी’ शामिल हैं। अब वह साउथ की फिल्म ‘संक्रांतिकी वस्तुनम’ की मूल कहानी को बरकरार रखते हुए इसका पुनर्निर्माण करेंगे। इसके लिए वह फिर अनीस बज्मी के साथ जुड़े हैं। सूत्र ने बताया है कि अक्षय और अनीस को फिल्म ‘संक्रांतिकी वस्तुनम’ की कहानी बेहद पसंद आई है। फिल्म में मुख्य अभिनेता वेंकटेश हैं, जो अपनी पत्नी और प्रेमिका के बीच फंसे होते हैं। अनीस पहले से रिलीज हुईं फिल्मों के आधार पर नई कहानियां लिखने में माहिर हैं।

टीवी मसाला



# काम्या ने खोली निर्माताओं की पोल, कहा- गंदा है; पर धंधा है

**मुंबई।** ‘बिग बॉस 19’ के हालिया एपिसोड में नॉमिनेशन टास्क हुआ। इस हफ्ते घर से बेघर होने के लिए 5 प्रतियोगियों को नॉमिनेट किया गया है। इससे जहां एक ओर ‘बिग बॉस’ के घर में घमासान मच गया है, वहीं घर के बाहर भी चर्चा जारी है। अब टीवी अभिनेत्री और ‘बिग बॉस 7’ का हिस्सा रहीं काम्या पंजाबी ने इस टास्क की आलोचना की और इसी के साथ उन्होंने ‘बिग बॉस’ के निर्माताओं पर कड़ी नाराजगी जाहिर की।

***ऐसे खेला गया नॉमिनेशन टास्क :*** इस हफ्ते का नॉमिनेशन टास्क जोड़ियों में खेला गया। घरवालों को दो-दो के जोड़े में बुलाया गया और उन्हें दूसरे सदस्यों के नाम देकर फैसला करना था कि किसे बचाना है और किसे नॉमिनेट करना है। कुल 5 राउंड हुए। बेघर होने के लिए नीलम गिरी, अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, अशनूर कौर और फरहाना भट्ट का नाम सामने आया। उधर काम्या हर सीजन के दौरान सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं। अब उन्होंने नॉमिनेशन के तरीके पर सवाल उठाए हैं।

***बिग बॉस ने नॉमिनेट किए सदस्य- काम्या :*** काम्या ने एक्स पर अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने लिखा, ‘ये कैसा नॉमिनेशन है? जिस तरफ के विकल्प, जिन लोगों को दिए गए थे, इससे एकदम साफ था कि ‘बिग बॉस’ खुद इन लोगों को ही नॉमिनेट करना चाहते थे। गंदा है, पर धंधा है ये।’ उनके इस पोस्ट पर लोगों ने भी सहमति जताई और कहा कि इस बार का नॉमिनेशन तय था। वैसे काम्या से पहले हिना खान ने शो की नॉमिनेशन प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे।

## कौन हैं कशिश अग्रवाल, जिसे डेट कर रहे शहनाज के भाई शहबाज



‘बिग बॉस 19’ हमेशा से दर्शकों का मनोरंजन करता आया है। कई बार प्रतियोगी शो के दौरान निजी जिंदगी से जुड़े ऐसे अपडेट्स देते हैं, जिनपर चर्चा शुरू हो जाती है। पिछले दिनों अभिषेक बजाज अपनी पूर्व पत्नी आकांक्षा जिंदल के चलते सोशल मीडिया पर छाए थे। अब शहनाज गिल के भाई शहबाज बदेशा ने लव लाइफ पर संकेत देते हुए दर्शकों को नया मसाला दे दिया है। उन्होंने बताया कि वह कशिश अग्रवाल को डेट कर रहे हैं। लाइवफीड के दौरान, शहबाज शो में अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहते हैं, आज मुझे किसी की याद आ रही है। अपनी गर्लफ्रेंड की। उन्होंने बताया कि स्क्रीन पर निजी जिंदगी के बारे में बात नहीं करने के लिए उन्हें कई लोगों से सलाह मिली थी।

# खत्म किया पति मयंक गांधी संग नौ साल पुराना रिश्ता

**मुंबई।** मशहूर टीवी अभिनेत्री हुनर हाली ने पति मयंक गांधी संग अपनी 9 साल की शादी को खत्म करने का फैसला ले लिया है। यही नहीं दोनों के तलाक की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पिछले कुछ महीनों से दोनों के अलगाव की खबरों ने जोर पकड़ रखा था। चर्चा थी कि अभिनेत्री ने ‘बिग बॉस 19’ का न्यौता भी इसलिए ठुकराया था, क्योंकि उनके तलाक की प्रक्रिया चल रही थी। अब हुनर ने खुद तलाक की पुष्टि की है। एक इंटरव्यू में हुनर ने कहा, हम तलाक लेने की प्रक्रिया में हैं, लेकिन यह अभी भी प्रक्रिया में है। इसलिए मैं इस बारे में बात नहीं करना चाहती। मुझे लगता है कि अगर कोई भी बात आती है बाहर तो बहुत सारे माध्यम हैं जिसकी जरूरी चीजें बाहर आती है। मैं कभी भी इस्तेमाल का सवाल नहीं उठाती क्योंकि मैं जानती हूं कि मैं अभिनेत्री हूं। हम कितना भी इस्तेमाल की सुरक्षा करें, वो हमारे हाथ में नहीं होता।



***प्रक्रिया को आत्मविश्वास से संभाल रहीं अभिनेत्री :*** हुनर ने कहा, हम इतने लोगों से मिलते हैं, उठते हैं, काम करते हैं तो आप इससे निपट सकते हैं और मैं इससे निपट रही हूं। लेकिन मैं इसे आत्मविश्वास के साथ संभाल रही हूं। साल 2016 में हुनर और मयंक ने दिल्ली में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शादी रचाई थी। दोनों के तलाक की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। बता दें कि हुनर ‘12/24 करोल बाग’, ‘पटियाला बेब्स’ और ‘वीर हुनमान’ जैसे शो में नजर आई हैं।

*मुंबई। यामी गौतम अपनी आगामी फिल्म ‘हक’ को लेकर खबरों में छाई हुई हैं, जो सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में उन्हें पहली बार इमरान हाशमी के साथ देखा जाएगा। जाहिर है कि अभिनेत्री ने अपने फिल्मी करियर में कई बेहतरीन फिल्में की हैं, जिनमें से कुछ फिल्मों की कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित रही है। इन फिल्मों को ओटीटी पर देखा जा सकता है, और इन्हें आईएमडीबी पर जबरदस्त रेटिंग मिली है।*

# ओटीटी पर धूम मचा रहीं ये फिल्में, जबरदस्त है रेटिंग...

### ‘उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक’ और ‘अ थर्सडे’

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म ‘द सर्जिकल स्ट्राइक’ में यामी ने अहम किरदार निभाया था। यह फिल्म भारतीय सेना की ओर से आतंकवादी सैन्य ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक पर आधारित है। जी5 पर मौजूद इस फिल्म को 8.2 की रेटिंग मिली है। यामी की ‘अ थर्सडे’ वैसे तो काल्पनिक कहानी पर बनी है, लेकिन अभिनेत्री ने अपने अभिनय से खूब वाहवाही बटोरी थी। यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर है, और इसे 7 रेटिंग मिली है।

### ‘आर्टिकल 370’ और ‘बदलापुर’

फिल्म ‘आर्टिकल 370’ में यामी ने सीक्रेट एजेंट जूनी हस्कर का किरदार निभाया था, जो फिल्म के महत्वपूर्ण किरदारों में से एक था। यह फिल्म आर्टिकल 370 हटाने की कार्रवाई पर आधारित है, जिसे आप जी5 पर देख सकते हैं। इसे 7.8 की रेटिंग मिली है। अभिनेता वरुण धवन की फिल्म ‘बदलापुर’ में यामी ने अपनी छोटी सी भूमिका से लोगों का ध्यान खींचा था। जी5 पर मौजूद इस फिल्म को 7.4 की रेटिंग मिली है।




### ‘ओएमजी 2’ और ‘काबिल’


अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म ‘ओएमजी 2’ में यामी को महिला वकील के दमदार किरदार में देखा गया था। फिल्म की कहानी यौन शिक्षा को बढ़ावा देती है, जिसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इस फिल्म को 7.5 की रेटिंग मिली है। ऋतिक रोशन की फिल्म ‘काबिल’ यामी की बेहतरीन फिल्मों में शामिल है। इसमें उन्होंने नेत्रहीन महिला का किरदार निभाया था। ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर मौजूद है।

## इमरान और यामी अभिनीत फिल्म को दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही

# ‘हक’ सिनेमाघरों के बाद जनवरी में होगी ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम अभिनीत फिल्म ‘हक’ को दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। कुछ लोगों को यामी का अभिनय पसंद आया है, तो कुछ को कहानी पसंद आ रही है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की तारीफों के कसीदे तो पढ़े हैं, लेकिन फिल्म देखी नहीं है। ओटीटी की बढ़ती लोकप्रियता के बीच बहुत से लोग फिल्मों को घर बैठकर भी देखना पसंद करते हैं। जानिए ‘हक’ किस ओटीटी पर रिलीज होगी।

***फिल्में 60 दिन बाद देती हैं ओटीटी पर दस्तक :*** एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ‘हक’ अगले साल 2 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। हालांकि निर्माताओं की ओर से भले ‘हक’ की ओटीटी रिलीज पर आधिकारिक बयान नहीं आया हो, लेकिन यह बात तो तय है कि इसमें अभी वक्त है। आमतौर पर हिंदी फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने के करीब 55 से 60 दिन बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देती हैं। देखा जाए तो निर्माता इमरान और यामी की फिल्म के साथ भी यही फॉर्मूला अपनाएंगे।



### फिल्म ‘हक’ के बारे में

फिल्म ‘हक’ का निर्देशन सुपर्णा एस वर्मा ने किया है। कहानी इंदौर के चर्चित शाह बानो केस से प्रेरित है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। फिल्म में यामी शाजिया बानो के किरदार में हैं, और इमरान अब्बास के किरदार में हैं। इसके अलावा फिल्म में शीबा चड्ढा, एसएम जहीर, वर्तिका सिंह और दानिश हुसैन जैसे कलाकार नजर आए हैं।

## ‘हक’ के अलावा असली कोर्टरूम ड्रामा पर बन चुकी हैं ये फिल्में, ओटीटी पर देखें

**मुंबई।** अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म ‘हक’ कोर्टरूम ड्रामा पर बुनी गई है। इस फिल्म की कहानी 1980 के शाह बानो केस से प्रेरित है। फिल्म में इमरान ने वकील का किरदार निभाया है, लेकिन पति के किरदार में वह काफी अहम रोल अदा करते दिखे हैं। वैसे ‘हक’ के अलावा बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में बन चुकी हैं, जिसमें कोर्टरूम ड्रामा को बखूबी दिखाया गया है। ये फिल्में ओटीटी पर मौजूद हैं, जिनका लुत्फ उठा सकते हैं।




**‘तलवार’ और ‘शाहिद’** : दिवंगत अभिनेता इरफान खान की फिल्म ‘तलवार’ 2015 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया था। इसकी कहानी नोएडा के डबल मर्डर केस (आरुषि-हेमराज) पर आधारित है। फिल्म जियो हॉटस्टार पर मौजूद है। राजकुमार राव अभिनीत फिल्म ‘शाहिद’ 2013 में रिलीज हुई थी, जिसकी कहानी मानवाधिकार कार्यकर्ता और वकील शाहिद आजमी की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म को अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध कराया गया है। फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है।

**‘मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे’ और ‘सिर्फ एक बंदा काफी है’**: रानी मुखर्जी की फिल्म ‘मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे’ असली कहानी पर बनी है, जिसमें एक महिला सागरिका चक्रबर्ती ने नॉर्वे की चाइल्ड वेलफेयर सर्विसेज के खिलाफ कानूनी जंग लड़ी थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर है। रानी ने इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल पुरस्कार जीता है। मनोज बाजपेयी की ‘सिर्फ एक बंदा काफी है’ जी5 पर मौजूद है। फिल्म की कहानी

**खबर संक्षेप**

## राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में मड़वा की संतोषी का चयन



**जांजगीर-चांपा।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मड़वा की छात्रा कु. संतोषी सोनवानी का "गैस लीकेज डिटेक्टर" विज्ञान मॉडल राज्य स्तरीय विज्ञान मेला एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2025 जशपुर के लिए चयनित हुआ है। वे सोमवार से आरंभ हो रहे तीन दिवसीय आयोजन में हिस्सा लेंगी। शनिवार को उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर ग्राम पंचायत मड़वा में सरपंच अजय सोनवानी के आतिथ्य में संतोषी का सम्मान किया गया। प्राचार्य योगेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में तैयार इस मॉडल में मुख्य मार्गदर्शक व्याख्याता जी. एस. साहू के साथ विज्ञान संकाय के व्याख्याता श्रीमती प्रतिभा तिवारी, होमेश्वर साहू, रमेशचंद्र देवांगन, आशुतोष शर्मा, सुखसागर निराला एवं कु. श्वेता जायसवाल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर व्याख्याता दीपक कुमार यादव, श्रीमती कविता साहू, कु. अनिता टांडे, अभिषेक पाठक, यू.एल. खूंटे, टी.आर. साहू, प्रमोद साहू एवं तेजसिंह कंवर ने संतोषी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
**जोन स्तर पर चमका मड़वा का टी.एल.एम. मॉडल**–संस्था के केमिस्ट्री व्याख्याता गिरजा शंकर साहू द्वारा तैयार सहायक शिक्षण सामग्री (टीएलएम) मॉडल का चयन जोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। उन्होंने उन्नत शिक्षा महाविद्यालय, बिलासपुर में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## अखंड रामनाम सप्ताह यज्ञ में श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान



**बिर्रा।** अखण्ड रामनाम सप्ताह यज्ञ में श्रेष्ठ छह कार्यकर्ता को श्रीफल शाल मेमोटो से यज्ञ समिति ने सम्मानित किया गया। यज्ञ समिति के द्वारा आयोजित राजमहल के पास 155वां अनवरत परंपरा का सफलतापूर्वक आयोजन करते आ रहे हैं। श्रध्दा आस्था भक्ति में सात दिनों तक अखण्ड रामनाम सप्ताह यज्ञ में रामक्ति सागर में डूबा हुआ था। यज्ञ समिति ने पहल करते हुए इस बार सात दिनों की निशुल्क अपने दायित्व का निर्वहन करने वाले ऐसे छह सामाजिक कार्यकर्ता उमेश कुमार कश्यप, राजकमल कर्ष, पंचराम कश्यप, मनोज देवांगन को श्रीफल शाल मेमोटो से भेंटकर सम्मानित किया गया वहीं शशिभूषण कश्यप को श्रेष्ठ सेवाएं और बैगा साहू को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सफल कार्यक्रम के लिए संरक्षक लाल रेवती रमण सिंह, विजय बहादुर सिंह, राहुल सिंह, जनपद सदस्य रितेश रमणसिह, चेतन बाबा, सोमू बाबा, प्रतीक प्रताप सिंह, अध्यक्ष मणीलाल कश्यप, कुंजी देवांगन, बिसाहू देवांगन, जीवनचंद, श्रवण कश्यप निलाम्बरसिह, रोहन कश्यप, अभिराम कश्यप, गीताराम तिवारी, लखनलाल देवांगन, लखनलाल देवांगन, बुचेन देवांगन, यज्ञाचार्य जितेन्द्र तिवारी के अलावा यज्ञ समिति के पदाधिकारी व ग्रामीण जन शामिल थे।

**निधन**

### श्रीमती श्यामा दुबे

**पामगढ़।** नगर की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती श्यामा दुबे पत्नी स्व उमाशंकर दुबे का रविवार 9 नवम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। वे 77 वर्ष की थी। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं तीन पुत्रियों का भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र मनोज दुबे ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन सहित नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला आयोजित कर दिया गया प्रशिक्षण

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को हर घर पहुंचाकर जन आंदोलन बनाएगी भाजपा : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआइआर) को जनआंदोलन के रूप में चलाने का आह्वान किया है। जांजगीर स्थित भाजपा कार्यालय शनिवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में पार्टी ने जनता की एसआइआर प्रक्रिया में मदद करने और कांग्रेस पर प्रहार की करने की रणनीति तय की भाजपा ने जिला स्तर पर प्रभारियों व संयोजकों की नियुक्ति की हैं।

कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार के नाम का दो बार मिलान करना होगा, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि एसआइआर अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका पहले की तरह निर्णायक रहेगी और इसके जरिए बूथ समितियों को और सशक्त बनाया जाएगा। श्री चंदेल ने कहा कि कांग्रेस के दुष्प्रचार के बीच भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध और पारदर्शी हो। उन्होंने कहा कि "कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रहितों का विरोध किया है और फर्जी मतदान को बढ़ावा दिया है। अब भाजपा का लक्ष्य है कि इस अभियान के माध्यम से ऐसे फर्जी मतदाताओं को चिन्हित कर रोका जाए इस कार्यक्रम की मंडल स्तर तक हमको साप्ताहिक समीक्षा करनी होगी आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भ्रम की राजनीति को बढ़ावा दिया, जबकि यह अभियान देश को मजबूत बनाने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि "अगले 100 दिनों में हमारे भाजपा कार्यकर्ताओं का समर्पण ही जिले की राजनीतिक दिशा तय करेगी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम मे सोशल मीडिया के माध्यम हमारे कार्यकर्ताओ की भूमिका अहम होगी। प्रदेश सोशल मीडिया भाजपा के पूर्व प्रभारी व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत सिंह ठाकुर ने जांजगीर चाम्पा विधानसभा स्तरीय कार्यशाला मे उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में हमारे कार्यकर्ताओ की भूमिका अहम होगी। सोशल मीडिया में किस प्रकार उक्त विषय को प्रचारित किया जाए उसमे किस प्रकार का सकारात्मक पोस्ट डाला जाए जिससे आम जनमानस मे जागरुकता आए जिससे उन तक तक सही जानकारी पहुंचे हमारे कार्यकर्ता उसी विषय को सोशल मीडिया मे पोस्ट करे जिसकी उनको पुरी जानकारी हो। कार्यकर्ता भ्रामक प्रचार-प्रसार से बचे क्योंकि सोशल मीडीया चलाने वाले लोगो को हमको इसकी शत प्रतिशत सही जानकारी देना ही हमारा प्रथम लक्ष्य होगा। श्री ठाकुर ने सोशल मीडिया से जुड़े सम्पूर्ण विषय की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला मे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष रेखा गढ़ेवाल, नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष अर्चना देवांगन, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, पंकज अग्रवाल, कार्यक्रम के जिला प्रभारी विकास शर्मा, अमर सुल्तानिया, विवेका गोपाल, जिला मंत्री संतोषी दुबे, मंडल अध्यक्ष हितेश यादव, ध्वजाराम साहु समर्थ सिंह संतोष थवाईत उपस्थित थे।



प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल।



## लीनेस क्लब सक्ती को एरिया कांफ्रेन्स में मिले 21 अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आंल इंडिया लीनेस क्लब्स सी . एम . -1 संपदा का एरिया-1 की एरिया आफिसर लीनेस आरती तिवारी ने एरिया कान्फ्रेन्स सत्या का आयोजन रायगढ़ के पिंक पर्ल होटल में किया, जिसमें 6 क्लबों के सदस्यों ने सहभागिता की। मंचस्थ लीनेस अराती तिवारी के साथ डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस अनीता कपूर, गेस्ट आंफ आनंर नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष लीनेस मीरा पासवान, डिस्ट्रिक सेक्रेटरी सुमिता पांडे, एक्जीक्यूटिव आफिसर लीनेस शालू पाहवा एवं आयोजन क्लब की अध्यक्ष उपास्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर, स्वागत गीत, स्वागत नृत्य के साथ हुआ। ध्वज वंदना लीनेस अनीता सिंह ने पढा। राष्ट्र गान पूनम साहू ने कराया। बैनर प्रेजेंटेशन के बाद अवार्ड वितरण एरिया आफिसर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि मेरे एरिया के सभी सदस्यों ने एक से एक सेवा कार्य किया है सभी श्रेष्ठ है जिसमें श्रेष्ठ स्क्रेप बुक का सक्ती क्लब को मिला। श्रेष्ठ अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर, श्रेष्ठ सचिव लीनेस भगवती देवांगन, श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष लीनेस पूनम साहू को मिला। चेयरपर्सन लीनेस निधि सिंह, लीनेस लता नायक, लीनेस राम कुवर साहू, लीनेस मीरा देवांगन, लीनेस सुमन सिहं, लीनेस रीता राज, लीनेस ललिता साहु, लीनेस गोपी जायसवाल, लीनेस शोभा सिंह, लीनेस प्रियंका पात्रा, लीनेस मंजु जायसवाल, लीनेस संगीता तिवारी, लीनेस प्रभा जायसवाल सभी को अपने द्वारा किये सेवा कार्य के लिये श्रेष्ठ अवार्ड मिला। लकी विनर का पुरूस्कार निधि सिंह को मिला। इस अवसर पर एरिया वन के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

- छह क्लबों के सदस्यों ने निभाई सहभागिता

## अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट में जांजगीर-चांपा की टीम रनर-अप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में जांजगीर-चांपा जिले की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में शानदार जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई।



फाइनल मुकाबला रायगढ़ जिले से भिलाई सेक्टर-1 स्थित क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया, जहां रोमांचक संघर्ष में जांजगीर-चांपा को उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। इधर जांजगीर-चांपा जिले की टीम ने टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। सेमीफाइनल में धमतरी को हराकर टीम फाइनल में पहुंची। धमतरी के साथ हुए सेमीफाइनल मैच में जांजगीर-चांपा की शुरुआत थोड़ी कमजोर रही। ओपनर अनुनय और कप्तान मोहम्मद असद जल्दी आउट हो गए। हालांकि अमन उरांव के 49 रन और दीपेंद्र राय के 22 रनों की बदौलत टीम ने 137 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी धमतरी की टीम शुरुआत से ही दबाव में रही। जांजगीर-चांपा के गेंदबाजों ने सटीक प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम को 11 रनों से हराया। गेंदबाजी में मोहम्मद असद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट झटके, जबकि हर्षित और अमन उरांव ने 2-2 तथा सुयश ने 1 विकेट लिया।

## श्रीराधा-कृष्ण को पालकी पर सवार कर निकाली नगर यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के भगत चौक पुरानी बस्ती में आयोजित अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ समापन के बाद 9 नवम्बर को यज्ञ स्थल से देवी दाई मंदिर तक भव्य नगर यात्रा निकाली गयी, जहां श्रीकृष्ण राधा को पालकी में ऊठा नगर भ्रमण कराया गया। यहां यह बताना लाजमि होगा कि श्रीकृष्णा-राधा जी को पालकी में ऊठा नगर भ्रमण पश्चात पूरे मोहल्ले भर के घर-घर ले जाया गया। जहां महिलाओं अपने स्परिवार के साथ भगवान की विधी-विधान से पूजा-अर्चना किये। आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं पुजारीगण भगवान श्रीराधा-कृष्ण की पालकी को कंधे ऊठाकर चल रहे थे। वहीं बाहर से आये किर्तन मण्डली भगवान श्रीराधा-कृष्ण के आगे-आगे अपने वेषभूषा एवं झांकियों के साथ राम नाम का जाप करते नजर आये। जैसे-जैसे भगवान श्रीराधा-कृष्ण पालकी घर-घर पहुंचने पर महिलाएं अपने घरों के सामने रंगोलियों एवं आरती व फूलों के साथ स्वागत किये। राम नाम सप्ताह यज्ञ के सातवे दिवस जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक ब्यास कश्यप, पार्षदगण विष्णु यादव, देवराज सिंह चंदेल, उमेश राठौर, पुष्पेन्द्र निर्मलकर, अनुराग शुक्ला, बल्लू राठौर, बबलू राठौर, योगेश बनर्जी, वहीं छठवे दिवस नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, नपा.उपाध्यक्ष मोहन यादव, समाज सेवी एवं भाजपा उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, पूर्व उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, मण्डल अध्यक्ष हितेश यादव, विवेक सिंह, अरूण झाझड़िया, गोपेश्वर कहरा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भगवान श्रीराधा-कृष्ण के चरणों में पूजा-अर्चना कर श्रीराम नाम जाप का रसपान किये। सातवे दिवस कीर्तन मण्डली कर्रा, कीर्तन मण्डली चकरदा, किर्तन मण्डली जबड़ी द्वारा श्रीराम-सीता झांकी के साथ राम नायक के गायन प्रस्तुत किये, वहीं 10 नवम्बर को हवन, सहस्त्र धारा, ब्राम्हण भोज के साथ अखण्ड नाम सप्ताह यज्ञ का समापन होगा।
**अंतिम दिवस सवा लाख बाती से हुई महाआरती**–अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ के अंतिम रात सातवें दिवस भगवान श्रीराधा-कृष्ण एवं श्रीराम जी की महाआरती सवा लाख घी के बाती से किया गया। महाआरती में पूरे बस्ती सहित नगरवासी सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए, महाआरती पश्चात महाभोग प्रसाद का वितरण किया गया।

- फूलों व आरती के साथ महिलाओं ने किया घर-घर स्वागत, सातवे दिवस क्षेत्रीय विधायक सहित जनप्रतिनिधियों ने किया राम नाम का रसपान



नगर में निकाली गई राधा-कृष्ण की पालकी का स्वागत करते श्रद्धालु।

## नेता प्रतिपक्ष ने किया 52 लाख रूपए के विकास कार्य का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

क्षेत्रीय विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने ग्राम पंचायत जाटा में 52.50 लाख रूपये की विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गुलजार सिंह, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, रमेश पैगवार, सूरज बाबा, भगवान दास गढ़ेवाल अध्यक्षता गांव की सरपंच श्रीमती चंद्रकला सरवन कश्यप, अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, मदन लाल यादव, भास्कर सिंह मरकाम, देवकुमार यादव, संतोष यादव, दीपक बरेठ, सरजू यादव, डॉ संतोष यादव विधायक प्रतिनिधि, गुणेश्वर यादव, रामा राठौर, योगेंद्र राठौर, नमीष कश्यप, गोविंद राठौर उपसरपंच सिवनी, शिवसिंह सिधार सरपंच प्रतिनिधि सिवनी की उपस्थिति संपन्न हुआ। इस अवसर पर गांग के सरपंच श्रीमती चंद्रकला कश्यप ने गांव में हुए विकास कार्य को एवं गांव और अन्य विकास कार्य के लिए 41.20 लाख का मांग पत्र सौंपा। मुख्य अतिथि डॉ चरण दास महंत ने अपने उद्बोधन में गांव के विकास एवं रोजगार के लिए गांव में अलसी एवं केला पेड़ लगाने हेतु प्रेरित किया एवं उनके डंठल से वस्त्र तैयार किया जाय, जिससे गांव में रोजगार स्थापित हो और किसान भाई को उन्हरी फसल लेने को बढ़ावा मिले। उन्होंने गांव के युवा को खेल मैदान हेतु मिनी स्टूडियम निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति हेतु आश्वासन दिया। गांव के विकास हेतु सरपंच के द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों के मांग पत्र को स्वीकार करते हुए मांग पूरा करने हेतु समस्त जनसमुदाय को संबोधित किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, मदन यादव व अन्य ने सम्बोधित किया। इस मौके पर शांतिलाल राठौर, मोहन मरकाम, धनेश्वर, जगदीश यादव, हीरामन कुर्मी, सरवन कश्यप, जोहान मरकाम, चंद्रिका चौबे, ऊषा महत, ऋतु बंजारे, हेमकुमारी यादव, मोहर साय, ईश्वर यादव सुशील यादव, ललित कंवर, अनिता कर्ष और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

## विप्र गौरव सम्मान से नवाजे गए हस्तरेखा विशेषज्ञ डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मध्यप्रदेश सीहोर के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के हाथों जांजगीर के हस्तरेखा विशेषज्ञ डॉ राजेन्द्र शर्मा विप्र गौरव सम्मान से नवाजे गए हैं। उन्हें कवर्धा में आयोजित गौमाता के सरंक्षणार्थ श्रीसुरभि रुद्र महायज्ञ के दौरान सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के कवर्धा अंतर्गत ग्राम घुघरी खुर्द में समाजसेवी गणेश तिवारी के परिवार की ओर से 6 नवम्बर से 14 नवम्बर तक गौमाता के संरक्षार्थ श्री सुरभि रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें सीहोर के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से हजारों श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराया जा रहा है। इस दौरान कथा के मुख्य जजमान तिवारी परिवार के निमंत्रण पर हस्तरेखा विशेषज्ञ डॉ राजेन्द्र शर्मा कवर्धा पहुंचे। वे महाआरती में भी शामिल हुए। जानकारी होने पर कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने उन्हें अपने हाथों से विप्र गौरव सम्मान से सम्मानित कर प्रमाण पत्र सौंपा एवं ज्योतिष के माध्यम से समाज की सेवा में सक्रिय बने रहने के लिये सराहना की।



कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के हाथों विप्र गौरव सम्मान प्राप्त करते हस्तरेखा विशेषज्ञ राजेन्द्र शर्मा।

## छोटे-छोटे प्रयोगों से विद्यार्थियों में सीखने की भावना कर सकते हैं विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों को प्रदत्त विज्ञान कीट के उपयोग, शाला में विज्ञान कॉर्नर के निर्माण की समीक्षा एवं आगामी विज्ञान सम्मेलन की तैयारी हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बी आर सी के प्रशिक्षण हॉल में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत शारदा थवाईत एवं कविता शर्मा के सरस्वती वंदना के साथ हुई साथ ही राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वीं वर्षगांठ पर समस्त उपस्थित प्रशिक्षार्थियों के द्वारा गायन किया गया। बीआरसीसी शैलेन्द्र सिंह बैस ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विज्ञान कॉर्नर, विज्ञान गार्डन एवं विज्ञान कीट के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से चर्चा किया, बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करने एवं उपकरणों का प्रशिक्षार्थियों को नियमित उपयोग हेतु निर्देशित किया गया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर कविता शर्मा एवं शारदा थवाईत साथ अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओ ने अपने-अपने विद्यालयों में बनाए गए विज्ञान कॉर्नर के साथ प्रयोग आधारिति कराई गई गतिविधियों का भी अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि शाला में अलग से विज्ञान लैब न होने पर भी कक्षा में छोटे-छोटे प्रयोगों के माध्यम से विद्यार्थियों में जिज्ञासा और सीखने की भावना विकसित की जा सकती है और शाला के एक कॉर्नर में विज्ञान कॉर्नर स्थापित कर सकते है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के गौरव ने आगामी विकासखंड स्तरीय विज्ञान सम्मेलन की रूपरेखा साझा की तथा शोध पत्र लेखन की प्रक्रिया समझाई। समूह कार्य के दौरान शिक्षकों ने विज्ञान से जुड़े रोचक सवालों जैसे "उबला पानी स्वाद में क्यों बदल जाता है?" और "नारियल के अंदर पानी कहाँ से आता है?" पर विचार-विमर्श किया। कार्यशाला के अंत में यह साझा निर्णय लिया गया कि आगामी तीन महीनों में सभी शालाओं में बाल शोध मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें विज्ञान कॉर्नर और विज्ञान कीट के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया जाएगा।

- विज्ञान कीट के उपयोग एवं विज्ञान सम्मेलन को लेकर कार्यशाला का किया गया आयोजन



कार्यशाला में जानकारी देते अतिथि।



